भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3364
दिनांक 12.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जेजेएम के अंतर्गत योजनाओं की वास्तविक और वित्तीय स्थिति

3364. श्री अब्दुल रशीद शेखः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक योजना की वास्तविक और वित्तीय स्थिति क्या है, और
(ख) उक्त निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी प्रभाग में कार्यरत और निष्क्रिय शोधन यंत्र संयंत्रों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क): अगस्त 2019 से, भारत सरकार देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार में नल जल कनेक्शन का प्रावधान करने के लिए जम्मू और कश्मीर सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों अर्थात् बारामूला, बांदीपुरा और कुपवाड़ा में कुल 460 योजनाएं जेजेएम के तहत कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। जेजेएम के तहत योजनाओं की प्रगति का विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और इसे जेजेएम डैशबोर्ड के लिंक **https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx** पर देखा जा सकता है।

(ख): संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 195 कार्यशील निस्पंदन संयंत्र हैं, जिनमें से 02 निस्पंदन संयंत्र निष्क्रिय हैं। उक्त निर्वाचन क्षेत्र में निस्पंदन संयंत्रों का डिवीजन-वार विवरण इस प्रकार है:

डिवीजन का नाम	कार्यशील निस्पंदन संयंत्रों की संख्या	निष्क्रिय निस्पंदन संयंत्रों की संख्या
एचवाईडी डिवीजन उड़ी	31	0
पीएचई डिवीजन कुपवाड़ा	36	0
पीएचई डिवीजन हंदवाड़ा	02	0
पीएचई डिवीजन बारामूला	45	2
एचवाईडी डिवीजन बांदीपोरा	18	0
पीएचई डिवीजन सोपोर	31	0
एफबीआई तंगमार्ग	28	0
एसएसडी तंगदार	0	0
एसएसडी गुरेज़	04	0
कुल	**195**	**2**

***